एक सौ रुपये

रु. 100

Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

प्रदेश UTTAR PRADESH

AN 429907



न्यास पत्र

हम कि **मोहन उपाध्याय** पुत्र स्व० श्रीकृष्ण उपाध्याय निवासी ग्राम–रूद्रपुर, पोस्ट–रूद्रपुर, तप्पा–नगवां, परगना–सिलहट, तहसील–रूद्रपुर, जिला–देवरिया का हूँ । हम मुकिर समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक विकास हेतु निरन्तर कार्य करता रहता हूँ तथा हम मुकिर के मन मस्तिष्क मे अपने व्यक्तिगत कार्यो के साथ–साथ राष्ट्र एवं समाज हित का चिन्तन बना रहता है । हम मुकिर की हार्दिक इच्छा है कि समाज मे सुख–शान्ति, आपसी सद्भाव व विश्वास सदाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आदर्श नागरिक गुणो की स्थापना हो । समाज के साधनहीन व्यक्तियो के जीवन की मूल–भूत आवश्यकताएं, भोजन, शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य व आवास की व्यवस्था हो तथा शिक्षित बेरोजगारो को उनके योग्यता के अनुरूप तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान–प्रदान कर उन्हें रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाय । समाज के सामुदायिक विकास मे परस्पर भाई–चारा, साम्प्रदायिक ताल–मेल बनाये रखने एवं समाज को शिक्षित करने मे लिंग भेद, जाति–पाति, छुआ–छूत, धर्म और सम्प्रदाय, ऊँच–नीच की भावना कहीं से भी बाधक न हो। मेधावी व प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को अपने देश में अथवा देश के बाहर उच्च शिक्षा हेतु सहायता उपलब्ध कराया जाय । जनहित के उक्त कार्यो को संचालित करने तथा उससे लोगो को अधिकाधिक लाभ प्रदान करने के लिए विभिन्न विधाओं में समाज को शिक्षित किये जाने की आवश्यकता को देखते हुए

..2..

मोहन उपाध्याय